# खातेगांव में 18 आंगनवाड़ियों का निरीक्षण, कई मिलीं बंद

**कार्यकर्ता-सहायिकाओं को हटाने की चेतावनी, राशन वितरण में लापरवाही पर नोटिस**






**देवास।** खातेगांव में बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमार जैन ने क्षेत्र के 18 आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान बड़ी अनियमितताएं उजागर हुई हैं। निरीक्षण के दौरान कई केंद्र ताले में बंद मिले, जबकि कई स्थानों पर स्टाफ नदारद पाया गया। शासन की योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और स्वयं सहायता समूहों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### चार केंद्र मिले बंद, स्टाफ को बर्खास्तगी की चेतावनी

निरीक्षण के दौरान संदलपुर केंद्र क्रमांक-3, नंदाखेड़ा, नंदाडाई और मचवास के आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए गए। इन केंद्रों की कार्यकर्ता अर्चना, प्रमिला उइके, आशा, गणेशी डेरे और सहायिका पूजा गुर्जर, मनीषा व आरती अनुपस्थित थीं। परियोजना अधिकारी ने इन सभी को कर्तव्य में लापरवाही के चलते पद से अलग करने का अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया है। इसके अलावा पिपल्यानानकार-2 की कार्यकर्ता रमा तोमर को भी अनुपस्थिति पर नोटिस दिया गया है।

### तीन माह से नहीं बंटा राशन

पटरानी, नंदाडाई और कालीबाई केंद्रों पर लापरवाही सामने आई, जहां पिछले तीन महीनों से बच्चों को टेक होम राशन का वितरण ही नहीं किया गया। मौके पर जनवरी और फरवरी माह का राशन रखा हुआ मिला। इस मामले में कार्यकर्ता अनिता, आशा और पार्वती को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सातल, नंदाखेड़ा और नंदाडाई सहित आधा दर्जन केंद्रों पर बच्चों को नियमानुसार नाश्ता और भोजन नहीं दिए जाने की शिकायत सही पाई गई। इस वित्तीय अनियमितता के लिए रेवा, भारती, कृष्णा, दुर्गा, गायत्री और दुर्गा (मचवास) स्वयं सहायता समूहों को नोटिस जारी किए गए हैं।

### शत-प्रतिशत पंजीयन और समय पालन के निर्देश दिए

परियोजना अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 8 से 11 बजे तक अनिवार्य रूप से संचालित किए जाएं। साथ ही, केंद्रों पर बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीयन करने, उनका नियमित वजन लेने और ऊंचाई मापने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा गया है। व्यवस्था न सुधरने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

## एक नजर में

### बघेल भाजपा मंडल कार्यसमिति उपाध्यक्ष



**सोनकच्छ।** प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेधव की सहमति से सोनकच्छ विधानसभा के पिपल्लेश्वर मंडल सोनकच्छ नगर की नवीन कार्यसमिति की घोषणा की गई। मंडल अध्यक्ष कुँवर विजेंद्रसिंह राजपूत द्वारा जारी सूची में कुँवर रामप्रताप सिंह बघेल को मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर समर्थकों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति के बाद पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने रामप्रताप सिंह बघेल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं रामप्रताप सिंह बघेल ने संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाएगा। इस अवसर पर बघेल के इष्ट मित्रों एवं समर्थकों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

### मुन्तजार ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किए



**सोनकच्छ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं परीक्षा के घोषित परिणामों में सोनकच्छ की प्रतिभाशाली छात्रा मुन्तजार फौजदार ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार, विद्यालय और नगर में खुशी का माहौल है। मुन्तजार फौजदार ने सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। वे स्थानीय संत एंथोनी कन्वेंट हाई सेकेंडरी सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने भी इसे स्कूल और नगर के लिए गौरव का विषय बताया। मुन्तजार ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों एवं नियमित अध्ययन को दिया।

### राठौर प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था मध्यप्रदेश अध्यक्ष कर्नल एम.के.त्यागी, संयोजक एवं प्रदेश जनरल सेकेट्री पंडित मनोज मिश्रा की अनुसंशा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने मदनसिंह राठौर को राष्ट्रीय सैनिक संस्था मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर प्रदेश युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष विशाल मेहता, मुकेशसिंह पंवार, भूपेन्द्रसिंह पंवार, पंकज ठाकुर, अखिलेश व्यास, मानेन्द्र व्यास, मनीष व्यास, ठा. श्यामसिह, नवीन प्रतापसिंह राठौर ने बधाई दी।

### श्री शिव छत्रपति मराठा संघ का परिचय सम्मेलन 17 को

**देवास।** श्री शिव छत्रपति मराठा संघ का पांचवा अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन रविवार 17 मई को स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में आयोजित किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष कीर्ति चव्हाण ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह परिचय सम्मेलन इस वर्ष भी आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पावर एवं महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 योगी प्रेमानंद जी महाराज इंदौर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप सिंह जाधव प्रात: 10.30 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में दोपहर सत्र में प्रतिवर्ष दिया जाने वाला मराठा गौरव का सम्मान देने हेतु अतिथि उज्जैन मराठा समाज के अध्यक्ष अनिल धर्मे के हाथों इस वर्ष समाज की नम्रता सावंत इंदौर को उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों हेतु दिया जाएगा। साथ ही साथ समाज की होनहार बालिका अक्षरा शिंदे जिसने माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं की प्रवीण्य सूची में प्रदेश में नवा स्थान प्राप्त किया है को भी सम्मानित किया जाएगा एवं साथ ही समाज के अन्य प्रतिभाशाली व्यक्तियों को भी मंच से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र के अनेक युवक युवती एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर दी गई है। पूरी मराठा संघ की टीम अनेक प्रदेशों से आ रहे सभी प्रतिभागियों का स्वागत हेतु आतुर है।

### सोऐम की फातेहा आज



**देवास।** हजरत काजी इरफान अहमद अशरफी चीफ शहर काजी सीनियर की सोऐम (तीजे) की फातेहा आज 15 मई को बाद नमाजे जुमा शाही जामा मस्जिद बड़ा बाजार देवास में होगी। काजी इरफान अशरफी के इंतकाल की खबर से शहर भर में फैले उनके अनुयायियों और अकीदतमंदों को गहरा सदमा लगा है। आपकी नमाजे जनाजा आपके फरजंदे अरजुमंद, हाफिजों कारी काजी नोमान एहमद अशरफी ने अदा कराई

## भामसं ने पटाखा फैक्ट्री हादसे में घायलों से मुलाकात की



**देवास।** भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री अमित पांडे एवं भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यकारिणी देवास ने घटना स्थल टोंककला पहुंचकर घटना का जायजा लिया उसके उपरांत इंदौर स्थित एम.वाय. एवं देवास के एम जी अस्पताल पहुंचकर टोंककला पटाखा फैक्ट्री हादसे में घायल हुए नागरिकों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना।

चिकित्सकों से घायलों के उपचार एवं उनकी स्वास्थ्य स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा बेहतर उपचार, आवश्यक सुविधाओं एवं हरसंभव सहायता सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाए रखते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी घायलों को समय पर समुचित उपचार एवं आवश्यक राहत उपलब्ध हो सके। भारतीय मजदूर संघ की पूरी टीम तत्परता से घायलों का इलाज करवाने में जुटी है। यहां की घटना की समस्त जानकारी भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यालय को भेजेगा। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि घायलों का उचित उपचार एवं मृतकों को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए।

## ई-रिक्शा में अचानक ब्लास्ट, आग लगी

**सिग्नल पर रुका था वाहन; यात्री नहीं बैठे होने से हादसा टला**

**देवास।** शहर के उज्जैन रोड तिराहा सिग्नल पर बुधवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। सिग्नल पर रुके एक ई-रिक्शा में अचानक तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग घबराकर दूर भागने लगे।

चालक गजराज सिंह ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए ई-रिक्शा को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। उन्होंने बताया कि वे एबी रोड पर ई-रिक्शा चला रहे थे और सिग्नल पर रुकते ही एक सेकंड में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट के बाद चालक ने कंपनी के शोरूम से संपर्क किया। शोरूम से उन्हें बताया गया कि तत्काल कोई खतरा नहीं है और शोरूम बंद होने के कारण ई-रिक्शा को घर ले जाया जा सकता है। चालक जब ई-रिक्शा को घर लेकर जा रहे थे, तभी कुछ देर बाद उसमें अचानक आग लग गई। आग लगते ही आसपास मौजूद लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के समय ई-रिक्शा में कोई सवारी मौजूद नहीं थी। यदि यात्री बैठे होते तो ब्लास्ट और आग के कारण गंभीर हादसा हो सकता था।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 12वीं के अथर्व मानधना का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**लोहारदा।** 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लोहारदा के के होनहार छात्र अथर्व मानधना ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अथर्व ने यह उपलब्धि दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदौर में अध्ययन करते हुए हासिल की।

अथर्व, सोनू रमेशचंद मानधना के सुपुत्र हैं। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार, समाज एवं नगर में हर्ष का माहौल है। अथर्व की मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है कि उन्होंने उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। नगर लोहारदा के लोगो ने अथर्व को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए इस उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताया है। मानधन की इस उपलब्धि पर मोनू मानधना, नरेंद्र पाटोदी, श्रीकांत नौगजा, मनोज तापड़िया ओर अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी।

## स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले निगमायुक्त कर रहे सतत निरीक्षण



**देवास।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। गुरुवार को वार्ड 21 एवं 22 का औचक निरीक्षण किया और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नालों के ऊपर जहां जालियां नहीं हैं वहां नई जालियां लगाने और टूटी-फूटी जालियों में तत्काल सुधार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने वार्ड में स्थित उद्यान का भी निरीक्षण किया।

आयुक्त ने कहा कि शहर में स्वच्छता व सुंदरता बनाए रखने के लिए अधिकांश बैकलेनों को साफ कर फर्शीकरण या सीसी का कार्य कराया जा रहा है साथ ही दीवारों पर सुंदर चित्र एवं स्वच्छता स्लोगन निगम द्वारा बनवाए जा रहे हैं ताकि गंदगी न हो और सुंदरता बनी रहे। उद्यानों के आसपास की दीवारों पर भी चित्रों की पेंटिंग कराई जा रही है।

आयुक्त ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्रों में खुले प्लॉटों की सफाई में रहवासियों द्वारा निगम की टीम को सहयोग मिल रहा है। बैकलेनों में सफाई के दौरान की गई रंगाई एवं लिखे गए स्वच्छता स्लोगन का भी आयुक्त ने अवलोकन किया।

आयुक्त ने अन्य वार्डों में छोटी बैकलेनों की नालियों की निरंतर सफाई करने, उद्यानों में कम्पोस्ट पीट का उपयोग करने तथा सर्वेक्षण की तैयारियों में शेष बचे सिविल कार्यों को तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने कचरा संग्रहण वाहनों की डेंटिंग-पेंटिंग और वाहनों में लगी 4 बिन की जानकारी भी अधिकारियों से ली। आयुक्त ने शासकीय-अशासकीय स्कूलों में डस्टबीन का उपयोग, शौचालय-मूत्रालय की साफ-सफाई चेक करने को कहा। स्ट्रीट वेंडरों, चाट चौपाटियों, रेस्टोरेंट एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर डस्टबीन के उपयोग की मॉनिटरिंग के निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों को दिए गए हैं।

## महेश सोशल ग्रुप द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत



**देवास।** माहेश्वरी समाज देवास के मीडिया प्रभारी राजेंद्र मूंदड़ा ने बताया कि महेश सोशल ग्रुप द्वारा समाज के निर्विरोध नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश मुरलीधर भूतड़ा का पुष्पमाला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

मूंदड़ा ने बताया कि महेश सोशल ग्रुप पिछले 31 वर्षों से बिना किसी भेदभाव के समाजसेवा एवं सामाजिक गतिविधियों का संचालन निरंतर शानदार तरीके से करता आ रहा है। इस अवसर पर कैलाश डागा, राजेंद्र मूंदड़ा, सतीश परवाल, श्रीधर महेश्वरी, अशोक तोतला, रमेश डागा, दिनेश बी. भूतड़ा, ओम परवाल, उमा डागा, सुमन मूंदड़ा, गिरिजा महेश्वरी, अंजू तोतला, मंजू भूतड़ा, विजयलक्ष्मी भूतड़ा एवं सुशीला परवाल सहित उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं एवं बधाई दी ।साथ ही समाज अध्यक्ष से निवेदन किया कि वे समाज को तन, मन और धन से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करें। सदस्यों ने उन्हें पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## सतपुड़ा एकेडमी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**देवास।** मक्सी रोड पर तुलजा विहार कॉलोनी स्थित सतपुड़ा एकेडमी के विद्यार्थियों ने 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और संकल्प के साथ न केवल उत्तीर्णता प्राप्त की, बल्कि श्रेष्ठ अंक अर्जित कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थी शेखर यादव 87, दिवा टुटेजा 81, पायल पटेल 80, सिद्धी कुशवाह 74, अर्पिता कुमावत 74,अंकित त्रिपाठी 72, उन्नति पटेल 71,शिवराजसिंह पंवार 71,आयुष बरोड़ 71प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रवीण्य सूची में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को कायम रखा।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर वैभव विहार शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव, संस्था संचालक भानु प्रतापसिंह सेंधव, प्राचार्य वी.एस. जाब एवं समस्त स्कूल स्टाफ ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश सांखला ने दी ।

## एक नजर में

**नवग्रह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का चौथा दिन**

## नंद के आनंद भयो ... जय कन्हैयालाल की, मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



**बागली।** राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित निर्मल ग्राम ग्राम पंचायत नयापुरा में कालीसिंध नदी के तट पर स्थित निर्मल वाटिका में नवनिर्मित श्री शनि नवग्रह मंदिर एवं भूतेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

महोत्सव के चौथे दिन आज भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कथा के दौरान कान्हा के जन्म प्रसंग पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। पंडित गोविंद जाने ने मालवी शैली में भक्तों को धर्म और संस्कारों का महत्व समझाया। पंडित जी ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि बड़े लोगों को छोटे बच्चों के सामने शराब, बीड़ी गुटखा पाउच या सिगरेट का सेवन कभी नहीं करना चाहिए। बच्चे जो देखते हैं वही सीखते हैं और आपके यही गलत संस्कार वे आज नहीं तो कल वही बच्चे अपना लेते हैं। सभी सनातनी नागरिकों को प्रेरित किया कि परिवार के वरिष्ठ महिला एवं पुरुष सदस्य हमेशा मंदिर जाया करें और घर में पूजा पाठ करके मस्तिष्क पर तिलक लगाकर ही बाहर निकलें। अपने सनातन धर्म का पालन करना ही हमारी असली पहचान है। जिस दिन आपकी वाणी %राममयी% और मधुर हो जाएगी, उसी दिन आपका शरीर साक्षात मंदिर बन जाएगा। उधर यज्ञाचार्य संजय शर्मा के सानिध्य में चल रहे नव कुंडात्मक महायज्ञ में 42 जोड़े प्रतिदिन आहुति दे रहे है। नयापुरा ग्राम पंचायत से जुड़ी पूर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला हुकम कंठाली ले बताया कि धार्मिक महोत्सव में दूर दराज से श्रद्धालु आकर कथा का श्रवण लाभ ले रहे हैं आने वाले समय में निर्मल वाटिका में स्थित नवग्रह मंदिर पर प्रतिवर्ष शनि जयंती सहित अन्य धार्मिक अवसर पर बड़े आयोजन संपन्न होंगे ।मुख्य आरती धर्मेंद्र पाटीदार, सागर चौहान, जवाहर पाटीदार ने की। यह जानकारी दिनेश कंठाली ने दी।

## मछलियों को बचाने तालाब में छोड़ा पानी



**देवास।** भीषण गर्मी के बीच नगर निगम ने सयाजी द्वार के सामने स्थित पुष्कर मंडूक तालाब में मछलियों के संरक्षण के लिए पानी डाला। मंगलवार दोपहर की गई इस कवायद का उद्देश्य गर्मी और पानी के ठहराव के कारण मछलियों के मरने की आशंका को कम करना था।

नगर निगम की टीम ने दो दमकल गाड़ियों का उपयोग कर तालाब में पानी भरा। इसके साथ ही, पानी को ऑक्सीजन युक्त करने की प्रक्रिया भी की गई, ताकि मछलियों के लिए अनुकूल वातावरण बना रहे। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, तालाब के पानी के अत्यधिक गर्म होने और उसमें ठहराव बढ़ने से मछलियों पर खतरे की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों के मद्देनजर निगम की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। नगर निगम अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया ने बताया कि गर्मी के कारण तालाब के पानी में ऑक्सीजन की कमी होने की आशंका थी, जिससे मछलियों की मौत हो सकती थी। इसे देखते हुए पानी को ऑक्सीजन युक्त किया गया और अतिरिक्त पानी डाला गया।

उन्होंने यह भी बताया कि मछलियों की सुरक्षा के लिए यह प्रक्रिया प्रतिदिन जारी रखी जाएगी।